web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 22 अप्रैल 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 200

## चारधाम यात्रा के लिए 19 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने कराया रजिस्ट्रेशन

**देहरादून । आरएनएस**



उत्तराखंड में 30 अप्रैल से चारधाम यात्रा का शुभारंभ होने जा रहा है। इस यात्रा के शुरू होने से पहले ही लाखों यात्रियों ने रजिस्ट्रेशन करा लिया है। जानकारी के अनुसार, चारधाम यात्रा के लिए अब तक 19 लाख से अधिक यात्रियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के लिए 3-3 लाख से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है, जबकि केदारनाथ के लिए सबसे अधिक रजिस्ट्रेशन हुआ है। केदारनाथ के लिए अब तक लगभग 6 लाख 48 हजार से ज्यादा लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन किया है। इसके अलावा, बदरीनाथ धाम के लिए 5 लाख 74 हजार से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन किया है।

इतना ही नहीं, हेमकुंड साहिब जाने के लिए भी 32 हजार से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन किया है।

चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में अभी से ही उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले रजिस्ट्रेशन कराएं और सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि यात्रा सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

इस बीच, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद नियमित तौर पर चारधाम की तैयारियों का जायजा ले रहे हैं।

सीएम धामी ने बीते दिनों देहरादून में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में चारधाम यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया था। उन्होंने बताया था, हमारा लक्ष्य है कि उत्तराखंड आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को बिना किसी परेशानी के चारधाम के दर्शन कराए जाएं। इसके लिए यात्रा से जुड़े सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ लगातार संवाद किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा था कि चारधाम यात्रा उत्तराखंड की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस यात्रा को और सरल बनाने के लिए अगर कोई अतिरिक्त कार्य करने की आवश्यकता होगी, तो उसे तत्काल पूरा किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की कमी न रहे और श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव प्रदान किया जाए।

### चारधाम यात्रा के बेहतर प्रबंधन, वनाग्नि को रोकने और पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए : मुख्यमंत्री

**देहरादून (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि जन शिकायतों का शीघ्रता से समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, जिससे शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। आगामी चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, होटल व्यवसायियों तथा अन्य हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने सभी विभागीय सचिवों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा के दौरान विभागों और जिला प्रशासन के स्तर पर सभी व्यवस्थाएं बेहतर बनाई जाए। चारधाम यात्रा आस्था का प्रमुख केन्द्र होने के साथ ही स्थानीय लोगों की आजीविका से भी जुड़ी है। चारधाम यात्रा से जुड़े सभी हितधारकों से निरन्तर समन्वय बनाने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिये हैं। चारधाम यात्रा को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए जन सहयोग भी लिया जाए। यात्रा मार्गों पर स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी चारधाम यात्रा को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को परेशानी न हो।

मुख्यमंत्री ने बैठक में वनाग्नि प्रबंधन के लिए वन विभाग के साथ सभी जिलाधिकारियों को पूर्ण तैयारी करने के निर्देश दिये है। वनाग्नि की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यक उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। वनाग्नि नियंत्रण के लिए त्वरित कार्यवाही के लिए स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों के नम्बर भी अपडेट रखे जाएं, ताकि वनाग्नि की घटना होने पर शीघ्रता से नियंत्रण किया जा सके। वनाग्नि की संभावना वाले क्षेत्रों में टीमें तैनात की जाए और उनकी निरंतर मॉनिटरिंग भी की जाए। मोबाइल गश्त टीमें भी तैनात की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि गर्मियों में लोगों को पेयजल की दिक्कत न हो। पेयजल की समस्याएं आने पर उनका त्वरित समाधान किया जाएं। पेयजल टैंकर की भी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। सभी जिलाधिकारियों को पेयजल की समस्याओं के समाधान के लिए अपने स्तर से बैठक करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिये हैं। उन्होंने आगामी मानसून सीजन के दृष्टिगत भी सभी सुरक्षात्मक उपाय करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं।

## झारखंड के बोकारो में सुरक्षाबलों का बड़ा एक्शन, मुठभेड़ में 6 नक्सलियों को किया ढेर; भारी मात्रा में हथियार बरामद

**बोकारो । आरएनएस**



झारखंड के बोकारो जिले के लुगू पहाड़ की तलहटी में आज सुबह पुलिस और सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन ने संयुक्त अभियान में 6 नक्सलियों को ढेर कर दिया। मुठभेड़ के बाद इलाके से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए गए हैं। इस ऑपरेशन की कमान डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा और एसपी मनोज स्वर्गियारी जैसे वरिष्ठ अधिकारियों के हाथ में रही। कार्रवाई में 209 कोबरा बटालियन के कमांडोज़ शामिल थे, जिन्होंने माओवादियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की।

मारे गए नक्सलियों के पास से 2 इंसास राइफल, 1 एसएलआर (सेल्फ लोडिंग राइफल) और 1 पिस्तौल बरामद की गई है। ऑपरेशन में किसी भी सुरक्षाकर्मी के घायल होने की सूचना नहीं है, जो इसे और अधिक सफल बनाता है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, सुबह करीब 4 बजे से लुगू पहाड़ के चोरगांवा मुंडाटोली इलाके में गोलियों की तड़तड़ाहट सुनाई देने लगी। जागने के बाद जब लोगों ने बाहर झांका तो पुलिस और अर्धसैनिक बलों की बड़ी तादाद इलाके में तैनात दिखी।

मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया है। माना जा रहा है कि कुछ अन्य नक्सली भागने में सफल रहे हैं, जिनकी तलाश जारी है। गौरतलब है कि कोबरा सीआरपीएफ की एक विशिष्ट इकाई है, जो जंगल और गुरिल्ला युद्ध में विशेष रूप से प्रशिक्षित होती है। यह इकाई नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बड़े ऑपरेशनों को अंजाम देती है।

## रीता सिंह बनीं शिकागो की सबसे प्रतिष्ठित भारतीय महिला

**❒ राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित श्र जे. बी. सिंह की बेटी रीता सिंह को अमेरिका में भारतीय समुदाय के प्रति उनके योगदान के लिए किया गया सम्मानित**

**नई दिल्ली । आरएनएस**



जे. बी. सिंह, जो भारतीय गुप्तचर ब्यूरो (आई.बी.) के सेवानिवृत्त अधिकारी और राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित हैं, की बेटी रीता सिंह को शिकागो में भारतीय समुदाय के लिए उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया है।रीता सिंह पिछले 28 वर्षों से शिकागो में रह रही हैं और वह कई प्रमुख सामुदायिक संगठनों जैसे 'फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन्स (आआईए), शिकागो' और 'विमेंस एंपावरमेंट (डब्लूई), शिकागो' की संस्थापक हैं। इन वर्षों में, उन्होंने भारतीय और भारतीय प्रवासी समुदाय के बीच सांस्कृतिक रिश्तों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और उनके नेतृत्व ने सामुदायिक कल्याण, सांस्कृतिक संरक्षण और महिलाओं के सशक्तिकरण में अहम योगदान दिया है। अपने पति संजीव सिंह के साथ मिलकर रीता सिंह ने अमेरिकी समाज में भारतीय संस्कृति और मूल्यों का प्रतिनिधित्व किया है। उनके कार्यों ने न केवल सांस्कृतिक धरोहर को बचाए रखा, बल्कि महिलाओं को सशक्त भी किया है। शिकागो में उन्हें जो सम्मान मिला है, वह न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियों का प्रतीक है, बल्कि उनके परिवार के संस्कारों का भी प्रतिनिधित्व करता है। उनके पिता, श्री जे. बी. सिंह, जिन्होंने भारतीय गुप्तचर ब्यूरो में अपनी उत्कृष्ट सेवा दी, को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। रीता सिंह का भारत से शिकागो तक का सफर उनके भारतीय मूल्यों के प्रति गहरे लगाव और भारतीय समुदाय के लिए समर्पण का उदाहरण है जो वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों को अपने समुदाय से जुड़ने और सकारात्मक तरीके से योगदान देने के लिए प्रेरित करता है।

## कुशीनगर में भीषण सड़क हादसे में छह की मौत, दो गंभीर

**कुशीनगर । आरएनएस**



कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के शुक्ल भुजौली के समीप रविवार रात बारात की एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल से गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने गैस कटर की मदद से कार काटकर लोगों को बाहर निकाला। मृतकों में कार चालक समेत पांच लोगों की शिनाख्त हो गई है। सभी रामकोला थाने के नारायणपुर चरगहां के रहने वाले थे।

रामकोला थाने के नारायणपुर चरगहां के पश्चिम टोला निवासी गोपाल मद्धेशिया के बेटे विकास की बारात नेबुआ नौरंगिया के देवगांव गई थी। इसी बारात में शामिल कार देर रात ग्यारह बजे के करीब खड्डा-पडरौना मार्ग पर शुक्ल भुजौली के समीप पहुंची थी कि बेकाबू होकर सडक़ के दाएं तरफ पेड़ से टकरा गई। हादसे की आवाज सुनकर मौके पहुंचे लोगों और पुलिस ने बचाव कार्य शुरू किया। गैस कटर और हथौड़े की मदद से कार को काटकर उसमें फंसे शव और घायल लोगों को बाहर निकाला गया। हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। जबकि बाकी तीन की सांसें चल रही थीं। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्तपाल ले जाया गया। वहां तीन और लोगों की मौत हो गई। दो घायलों को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया है।

भीषण सडक़ हादसे से घटनास्थल से लेकर जिला अस्पताल तक अफरातफरी का माहौल रहा। मौके पर तीन थानों की पुलिस और आते-जाते राहगीर जमे रहे। मौके पर पहुंचे सीओ और नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने गैस कटर से सवार लोगों को गैस कटर से काटकर बाहर निकालवाया। वहीं खड्डा पुलिस और हनुमानगंज पुलिस भी देर रात 12.30 बजे मौके पहुंच गई। उधर पुलिस और प्रशासनिक अफसर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां से घायलों को गोरखपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया।

इस संबंध में पुलिस कप्तान संतोष कुमार मिश्रा ने बताया किसडक़ हादसे में छह लोगों की मौत हुई है। दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें जिला अस्पताल से गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। मृतकों में

ओमप्रकाश मद्धेशिया (कार चालक)नारायणपुर चरगहां, विजयपुर थाना रामकोला, हरेंद्र मद्धेशिया पुत्र शंकर मद्धेशिया नारायणपुर चरगहां विजयपुर थाना रामकोला, रंजीत मद्धेशिया पुत्र राजेंद्र मद्धेशिया नारायणपुर चरगहां विजयपुर थाना रामकोला, मुकेश पुत्र रामानंद नारायणपुर चरगहां, विजयपुर थाना रामकोला, भीम यादव पुत्र लक्ष्मण की शिनाख्त हुई। घायलों में राज किशोर पुत्र हरिश्चंद्र नारायणपुर चरगहां,बजरंगी पुत्र शंकर ग्राम अहिरौली के है।

## पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को बड़ी राहत, एक्शन पर 21 मई तक रोक

**❒ सुप्रीमकोर्ट ने पुलिस को दिया निर्देश**

**नई दिल्ली । आरएनएस**



धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में फंसी पूर्व ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि 21 मई तक उनके खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी, जिसमें गिरफ्तारी भी शामिल है।

हालांकि, कोर्ट ने पूजा खेडकर को जांच में सहयोग करने का निर्देश देते हुए 2 मई को दिल्ली पुलिस के समक्ष पेश होने के लिए भी कहा है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इस मामले में अब तक कोई ठोस जांच नहीं हुई है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया कि जांच को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

पूजा खेडकर पर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में धोखाधड़ी करने और गलत तरीके से ओबीसी और दिव्यांग कोटे का लाभ उठाने का आरोप है। इस मामले में उनकी अंतरिम सुरक्षा पहले भी कई बार बढ़ाई जा चुकी है। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में कहा था कि मामले की गहन जांच और एक बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए पूजा खेडकर से हिरासत में पूछताछ आवश्यक है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल उन्हें अंतरिम सुरक्षा प्रदान की है और पुलिस को तेजी से जांच पूरी करने को कहा है। इस मामले की अगली सुनवाई 21 मई को होगी।

## जालंधर में तेज रफ्तार कार ने 3 साल के बच्चे को कुचला, मौके पर मौत; बच्चे का मुंडन करवाने जा रहा था परिवार

**जालंधर । आरएनएस**

जालंधर के किशनपुरा चौक के पास सोमवार सुबह एक सफेद रंग की तेज रफ्तार गाड़ी ने 3 साल के बच्चे को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान त्रिपुर (3) के रूप में हुई है।

परिवार के सदस्यों के अनुसार, आज बच्चे का मुंडन था और वे धार्मिक स्थल पर जाने के लिए घर से बाहर खड़े थे। तभी एक तेज रफ्तार कार आई, जो पहले एक कुत्ते को कुचलते हुए गुजऱी। परिवार का ध्यान कुत्ते की ओर गया, और तभी उन्होंने देखा कि वही कार चालक उनके बच्चे को भी कुचल चुका था। बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।

परिवार के सदस्य सोमनाथ ने बताया कि वह बच्चों के साथ खेल रहे थे, तभी एक सफेद रंग की तेज रफ्तार गाड़ी आई। उन्होंने गाड़ी को रुकने का इशारा किया, लेकिन गाड़ी चालक ने रुकने के बजाय और तेज़ रफ्तार से भागना शुरू कर दिया। इसी दौरान बच्चा कार के टायर के नीचे आ गया। उन्होंने यह भी दावा किया कि गाड़ी का नंबर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस को इस हादसे की सूचना दे दी गई है और परिवार ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की अपील की है।

मृतक की दादी, अमरजीत कौर ने बताया कि वह घर में मौजूद थीं और आज मुंडन के लिए परिवार इक_ा हो रहा था। अचानक जब बाहर से शोर सुनाई दिया, तो वह बाहर जाकर देखी कि गाड़ी चालक ने बच्चे को कुचल दिया था।

थाना रामा मंडी के एएसआई बलकरण सिंह ने बताया कि उन्हें किशनपुरा चौक के पास सडक़ हादसे की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया है। मामले की जांच के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## कंटेनर से टकराई स्कॉर्पियो, चार की मौत

**नीमच (आरएनएस)।**नीमच-नसीराबाद हाईवे पर एक कंटेनर से स्कॉर्पियो टकरा गई। इसमें चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। हादसा इतना भयावह था कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। हादसा मध्यप्रदेश–राजस्थान की सीमा पर रविवार रात करीब 11 बजे हुआ। सभी लोग उज्जैन के रहने वाले हैं। इनकी उम्र 18 से 27 साल के बीच है। ये लोग सांवरिया सेठ दर्शन करने जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक उज्जैन जिले के इंगोरिया गांव के रहने वाले सात लोग स्कॉर्पियो से सांवरिया सेठ दर्शन के लिए निकले थे। रात करीब 11 बजे वे नीमच जिले के नयागांव से कुछ दूर चित्तौडग़ढ़ के निम्बाहेड़ा कोतवाली क्षेत्र में पहुंचे। यहां बांगरेड़ मामादेव गांव के पास तेज रफ्तार गाड़ी सडक़ के दूसरी लेन में सामने से आ रहे कंटेनर में जा घुसी।

## एमपी में 6 की मौत, दूल्हा-दुल्हन घायल, पुलिया से खाई में गिरा 'तूफान' वाहन, 2 साल की मासूम ने भी तोड़ा दम

**रायसेन । आरएनएस**

मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में हुए भीषण सडक़ हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। बताया गया कि तूफान गाड़ी अनियंत्रित होकर पुलिया से खाई में गिर गई। इस घटना में दो साल की मासूम बच्ची ने भी दम तोड़ दिया। वहीं दूल्हा-दुल्हन समेत तीन लोग घायल हो गए। यह सभी शादी समारोह से बिहार से इंदौर लौट रहे थे। यह पूरी घटना सुल्तानपुर थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, इंदौर जिले के चंदनगर निवासी बिहार के पटना से शादी कर लौट रहे थे। इस दौरान नेशनल हाइवे 12 में बम्होरी गांव के पास गाड़ी पुलिया से खाई में गिर गई। इस घटना में छह लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। 2 साल की बच्ची ने भी दम दोड़ दिया। वहीं दूल्हा-दुल्हन समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को रायसेन जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मृतकों की पहचान महिला चंदा देवी (60) उदयपुर राजस्थान, सरिता पत्नी रवि खोलवाल (25) चंदन नगर इंदौर, एक बच्ची तस्वी उर्फ चीनू (2) इंदौर और तीन पुरुषों मोहनलाल कुरील (68), दूल्हे का भाई नरेंद्र (30) इंदौर और ड्राइवर सुनील के रूप में हुई। घायलों में शामिल दीपक चोपड़ा दूल्हा है और संगीता दुल्हन है। दोनों परिवारों के लोग पटना गए थे और वहां से इंदौर लौट रहे थे। इस दौरान हादसे का शिकार हो गए।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरफुसे ने बताया कि सुबह 6.30 से 7 बजे बम्होरी गांव के पास हादसा हुआ। तूफान गाड़ी में 9 लोग सवार होकर बिहार के पटना से शादी समारोह के बाद इंदौर लौट रहे थे। इस दौरान गाड़ी खाई में गिर गई। जिसमें 6 लोगों की मौत हुई है। तीन लोग घायल हुए है, जिन्हें इलाज के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय

### यमन की राजधानी पर अमेरिकी हवाई हमलों में 12 लोग मारे गए, 30 घायल : हूती

**सना ।** यमन की राजधानी सना के एक बाजार पर अमेरिकी हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढक़र 12 हो गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में 30 लोग घायल भी हुए हैं। हूती के नियंत्रण वाले अल-मसीरा टीवी के मुताबिक, हवाई हमलों में सना के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक शु'उब के पास स्थित फरवाह बाजार को निशाना बनाया गया। वहां अभी भी राहत और बचाव कार्य जारी है। टीमें मलबे के नीचे दबे लोगों और घायलों को तलाश रही हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने हूती मीडिया के हवाले से बताया कि ये हमले रविवार को सना और उसके आस-पास के कई इलाकों पर हुए बड़े अमेरिकी हवाई हमलों का हिस्सा थे। स्थानीय हूती स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, यह हमला उस घातक अमेरिकी हवाई हमले के कुछ दिन बाद हुआ है, जो गुरुवार देर रात पश्चिमी यमन के रास ईसा ईंधन बंदरगाह पर हुआ था। उस हमले में 80 लोग मारे गए थे, 170 लोग घायल हुए थे और ईंधन स्टोर करने वाली जगहों को भारी नुकसान पहुंचा था, जिससे ईंधन लाल सागर में फैल गया। हूती समूह और अमेरिकी सेना के बीच तनाव तब से बढ़ गया है, जब 15 मार्च को अमेरिका ने यमन में हूती ठिकानों पर दोबारा हवाई हमले शुरू किए। ये हमले इसलिए किए गए, ताकि हूती लड़ाकों को लाल सागर में इजरायल और अमेरिकी जहाजों पर हमले करने से रोका जा सके।

### भारत पहुंचे अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, एयरपोर्ट पर दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सोमवार को अपनी पहली आधिकारिक भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। सोमवार सुबह पालम एयरपोर्ट पर वेंस का विमान लैंड किया। इस दौरान उपराष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी उषा वेंस, बच्चे और अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ सदस्य भी मौजूद रहे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का प्लेन सुबह 9:45 बजे दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरा। यहां केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उनका स्वागत किया। पत्नी उषा के साथ वो प्लेन से नीचे उतरे। वेंस को गार्ड ऑफ ऑनर से भी सम्मानित किया गया। एयरपोर्ट पर कलाकारों ने भारतीय नृत्य कौशल का प्रदर्शन भी किया। वेंस के बच्चे इवान, विवेक और मीराबेल भारतीय परिधान में थे। तीनों बड़ी उत्सुकता से क्लासिकल डांस देखते नजर आए। वेंस का एयरपोर्ट से अक्षरधाम मंदिर जाने का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम को अमेरिकी उपराष्ट्रपति की मेजबानी करेंगे। इसके अलावा, वे (जेडी वेंस) विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजित डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्री और अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा से मुलाकात करेंगे। बता दें कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 21 से 24 अप्रैल तक भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार शाम को 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आधिकारिक आवास पर उपराष्ट्रपति वेंस की मेजबानी करेंगे। इस बैठक में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर चर्चा के साथ-साथ दोनों लोकतांत्रिक देशों के बीच रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को गहराने के तरीकों पर विचार किया जाएगा।

### इजरायल ने लेबनान में फिर किया हवाई हमला, हिजबुल्ला सदस्य की मौत

**बेरूत ।** लेबनान में रविवार को हुए इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्ला का एक सदस्य मारा गया है। लेबनानी सूत्रों के अनुसार, रविवार को दक्षिणी लेबनान के कौतारियत अल सियाद में इजरायली ड्रोन ने एक गाड़ी पर हमला किया, जिसमें हिजबुल्ला का एक सदस्य मारा गया और दूसरा घायल हो गया। लेबनान के राष्ट्रीय समाचार एजेंसी के अनुसार, ड्रोन ने कौतारियत अल सियाद की पूर्वी सडक़ पर एक कार को निशाना बनाया। हमले के बाद इलाके में एंबुलेंस मौके पर पहुंची। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन केंद्र ने एक व्यक्ति की मौत और एक के घायल होने की पुष्टि की है। इस बीच, एक लेबनानी सुरक्षा सूत्र ने बताया कि मृतक हारौफ शहर का निवासी हिजबुल्ला सदस्य हुसैन नस्र था। साथ ही उसने यह भी बताया कि हमले में एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है। हालांकि, इजरायली सेना ने बाद में हमले की जिम्मेदारी ली।